Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 सितंबर, 2023

भोज वेटलैंड

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने हाल ही में मध्य प्रदेश राज्य सरकार को जल निकायों को होने वाले भारी नुकसान के कारण**भोज वेटलैंड में क्रूज़ जहाज़ों के साथ-साथ अन्य मोटर-चालित नौकाओं के संचालन को** रोकने का आदेश दिया था।

- **भोज वेटलैंड**, जिसे **भोपाल झील के नाम से भी जाना** जाता है, एक निर्दिष्ट रामसर साइट है और इसलिये **अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व (रामसर कन्वेंशन 1971) की वेटलैंड** है।
- इसमें दो सन्निहित मानव निर्मित जलाशय शामिल हैं-
  - **"अपर लेक"**- 11वीं शताब्दी में कोलांस नदी पर मिट्टी के बाँध के निर्माण से बनाई गई थी।
  - **"लोवर लेक"-** इसका निर्माण लगभग 200 साल पहले हुआ था, जिसका मुख्य कारण ऊपरी झील से रिसाव था। यह भोपाल शहर से घिरी हुई है।

//



और पढ़ें... [राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT)]

विदेशी अधिकरण

हाल ही में असम राज्य सरकार ने खुलासा किया कि वर्ष 2001 के बाद से असम में अधिकरणों द्वारा कुल 3,100 व्यक्तियों को विदेशी घोषित और दोषी ठहराया गया है तथा निर्वासित किया गया है। इन व्यक्तियों को विदेशी अधिकरण (FT) **द्वारा गैर-नागरिक घोषित किया गया था।**

- संदिग्ध नागरिकता वाले व्यक्तियों के खिलाफ **विदेशी अधिनियम 1946, विदेशी (Tribunal) आदेश 1964** और **केंद्र द्वारा** समय-समय पर जारी **अधिसूचनाओं के अनुसार** कदम उठाए जाते हैं।
- FT **अर्द्ध-न्यायिक निकाय** हैं जिनके समक्ष कोई व्यक्ति जिसका नाम अंतिम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) में नहीं है, अपना मामला प्रस्तुत कर सकता है। **केवल FT को ही किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करने का अधिकार है।**
  - FT उनकी नागरिकता का आकलन उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़ों या उनकी कमी के आधार पर करती है।

और पढ़ें... विदेशी अधिकरण, भारत की नागरिकता

दक्षिण कोरिया और क्वाड

दक्षिण कोरिया ने क्वाड समूह में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है और अब विस्तार का निर्णय उसी पर निर्भर है।

- वर्तमान में क्वाड **भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका** और **जापान** का एक समूह है जो देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों की समान अवधारणा पर आधारित है। इसका उद्देश्य **"स्वतंत्र, खुला और समृद्ध" इंडो-पैसिफिक क्षेत्र** सुनिश्चित करना तथा इसका समर्थन करना है।
- द्विपक्षीय मोर्चे पर भारत और दक्षिण कोरिया व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) (वर्ष 2010 से लागू) के विस्तार पर वार्ता कर रहे हैं।

और पढ़ें... [कवाड](#) , [भारत-दक्षिण कोरिया मैत्री](#)

PM उज्ज्वला योजना का विस्तार

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **वित्त वर्ष 23-24 से वित्त वर्ष 25-26 तक 3 वर्षों** में 75 लाख LPG कनेक्शन जारी करने के लिये [प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना (PMUY)](#) के विस्तार को स्वीकृति दी है, जिससे लाभार्थियों की कुल संख्या 10.35 करोड़ हो गई है।

LPG कवरेज़ के विस्तार की पहल:

- **PAHAL (प्रत्यक्ष हस्तांतरित लाभ):** वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिये घरेलू सिलिंडरों के "घोस्ट" खातों और अवैध उपयोग को कम करने के लिये LPG सिलिंडरों को सब्सिडी वाली कीमत पर नहीं बल्कि बाज़ार मूल्य पर बेचा गया था।
    - लागू सब्सिडी सीधे व्यक्ति के बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्थानांतरित की गई थी।
- **गिव इट अप** : ज़बरदस्ती सब्सिडी हटाने के बजाय व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपनी सब्सिडी छोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया, जिससे उन व्यक्तियों को धन पुनर्निर्देशित करने में सहायता मिली, जिन्हें वास्तव में LPG सिलिंडर प्राप्त करने में सहायता की आवश्यकता थी।

और पढ़ें... [प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-september,-2023